भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1740 #
गुरूवार, 13 मार्च, 2025/22 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पूंजी निवेश के लिए राज्य को विशेष सहायता योजना

1740 # श्रीमती सुनेत्रा अजीत पवार:
श्री नरहरी अमीन:
श्रीमती रेखा शर्मा:
श्रीमती किरण चौधरी:
डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पूंजी निवेश के लिए राज्य को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के अंतर्गत परियोजनाओं के मुख्य फोकस क्षेत्र क्या हैं;

(ख) 23 राज्यों में एसएएससीआई के अंतर्गत स्वीकृत 40 परियोजनाओं का विस्तृत ब्यौरा क्या है, उनके स्थान और उद्देश्य क्या हैं;

(ग) बुनियादी ढांचे के विकास बनाम संवर्धन गतिविधियों के लिए आवंटित कुल ₹3,295.76 करोड़ के बजट का प्रतिशत क्या है;

(घ) क्या इन परियोजनाओं के अंतर्गत विरासत, धार्मिक या साहसिक पर्यटन के लिए कोई विशेष पहल की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): भारत सरकार ने चालू वित्त वर्ष अर्थात वर्ष 2024-25 के दौरान 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' योजना के तहत 23 राज्यों में 3295.76 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

इस प्रयास की मुख्य विशेषताओं में सर्वांगीण पर्यटक अनुभव का विकास करना, चुनिंदा प्रस्तावों के लिए वित्तीय सहायता देना, पर्यटक मूल्य श्रृंखला के सभी बिन्दुओं को सुदृढ़ करना, डिजाइन और विकास, सतत प्रचालन एवं रख-रखाव आदि के लिए गुणवत्तापूर्ण विशेषज्ञता का उपयोग करना शामिल है। इस योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

इन परियोजनाओं में विरासत, धार्मिक और साहसिक पर्यटन के विकास हेतु किए गए पहलों को शामिल किया गया है।

तथापि, इस योजना के तहत संवर्धनात्मक कार्यकलाप के लिए कोई विशिष्ट वित्त पोषण स्वीकृत नहीं किया गया है, फिर भी राज्यों को परियोजनाओं के प्रचालन और प्रबंधन को शुरू करने और पर्यटकों के बीच इनका संवर्धन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

*****

अनुबंध

श्रीमती सुनेत्रा अजीत पवार, श्री नरहरी अमीन, श्रीमती रेखा शर्मा, श्रीमती किरण चौधरी और डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे द्वारा पूंजी निवेश के लिए राज्य को विशेष सहायता योजना के संबंध में दिनांक 13.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1740 # के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:

राशि (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत लागत**
1.	आंध्र प्रदेश	गंडीकोटा में फोर्ट एवं गोर्ज एक्सपीरियंस का संवर्धन	77.91
2.	आंध्र प्रदेश	अखंड गोदावरी - (हैवलॉक ब्रिज और पुष्कर घाट), राजा महेंद्रवरम	94.44
3.	अरुणाचल प्रदेश	सियांग एडवेंचर और इको-रिट्रीट, पासीघाट	46.48
4.	असम	असम राज्य चिड़ियाघर सह वनस्पति उद्यान, गुवाहाटी	97.12
5.	असम	शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण	94.76
6.	बिहार	सहरसा में मत्स्यगंधा झील का विकास	97.61
7.	बिहार	करमचट में करमचट इको पर्यटन और एडवेंचर हब	49.51
8.	छत्तीसगढ़	रायपुर में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास	95.79
9.	छत्तीसगढ़	रायपुर में जनजातीय और सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का विकास	51.87
10.	गोवा	पोंडा में छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय	97.46
11.	गोवा	पोरवोरिम में टाउन स्क्वेयर	90.74
12.	गुजरात	पोरबंदर में केरली (मोकरसागर) इको-पर्यटन गंतव्य	99.50
13.	गुजरात	टेंटेड सिटी और कन्वेंशन सेंटर, धोरडो	51.56
14.	झारखंड	तिलैया, कोडरमा का इको-पर्यटन विकास	34.87
15.	कर्नाटक	रोएरिच और देविका रानी एस्टेट टाटागुनि, बेंगलुरु में इको पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र	99.17
16.	कर्नाटक	सवदत्ती यल्लम्मागुड्डा का विकास, बेलगावी	100.00
17.	केरल	अष्टमुडी जैव विविधता और इको मनोरंजन केंद्र, कोल्लम	59.71
18.	केरल	सरगालय में ग्लोबल गेटवे से मालाबार का सांस्कृतिक क्रूसिबल	95.34
19.	मध्य प्रदेश	ओरछा में एक मध्यकालीन वैभव	99.92
20.	मध्य प्रदेश	भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर	99.38
21.	महाराष्ट्र	पूर्व आईएनएस-गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान	46.91

		और पनडुब्बी पर्यटन, सिंधुदुर्ग	
22.	महाराष्ट्र	नासिक में "राम-काल पथ" का विकास	99.14
23.	मणिपुर	लोकटक में लोकटक लेक एक्सपीरियंस	89.48
24.	मेघालय	मावखानू में एमआईसीई अवसंरचना	99.27
25.	मेघालय	शिलांग में उमियम झील का पुनर्विकास	99.27
26.	ओडिशा	हीराकुंड का विकास	99.90
27.	ओडिशा	सतकोसिया का विकास	99.99
28.	पंजाब	एसबीएस नगर के खटकर कलां में शहीद-ए-आजम, सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि के रूप में हेरिटेज स्ट्रीट का विकास	53.45
29.	राजस्थान	आमेर-नाहरगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र का विकास, जयपुर	49.31
30.	राजस्थान	जल महल, जयपुर का विकास	96.61
31.	सिक्किम	स्काईवॉक, भालेढुंगा, यांगांग, नामची	97.37
32.	सिक्किम	बॉर्डर एक्सपीरियंस, नाथुला	68.19
33.	तमिलनाडु	मामल्लापुरम में नंदवनम हेरिटेज पार्क का विकास	99.67
34.	तमिलनाडु	देवला में फूलों का बगीचा	70.23
35.	तेलंगाना	रामप्पा क्षेत्र रामप्पा में स्थायी पर्यटन परिपथ	73.74
36.	तेलंगाना	नल्लामाला में सोमसिल्ला निरोगता और आध्यात्मिक रिट्रीट	68.10
37.	त्रिपुरा	गोमती के बंडुआर में शक्ति पीठ पार्क	97.70
38.	उत्तर प्रदेश	आगरा जिले में बटेश्वर का विकास	74.05
39.	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास	80.24
40.	उत्तराखंड	आइकॉनिक सिटी ऋषिकेश: ऋषिकेश में राफ्टिंग बेस स्टेशन	100.00
		कुल	**3295.76**

*****